# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–13 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

देश, उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयार है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो सौ दस पंचायत नेता विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इस वर्ष के विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी ढाँचा, बेहतर सार्वजनिक सेवाएं और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे उल्लेखनीय सुधार लाए हैं। इन विशेष अतिथियों के लिए कल नई दिल्ली में एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एआई संचालित सभासार एप्लीकेशन लॉन्च भी किया जाएगा। दीपेंद्र के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश विधानमंडल के मॉनसून सत्र के तहत आज विधायी कार्यों के बाद विजन डॉक्यूमेंट–2047 पर 24 घंटे की विशेष चर्चा शुरू हो गई। चर्चा का प्रस्ताव वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में रखा। एक रिपोट

***विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा के लिए प्रस्ताव रखते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत की संकल्पना की है। यह तभी संभव होगा जब यूपी का विकास होगा। इसी क्रम में इस मानसून सत्र के बीच में 2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर विशेष चर्चा की जा रही है। वर्ष 2047 तक यूपी गरीबी मुक्त और आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है। इसके लिए केंद्र पर निर्भरता कम करनी होगी। राज्य की आमदनी बढ़ानी होगी। आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाना होगा। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा की अवधि को 24 घंटे से बढ़ाए जाने की मांग की। इस बीच प्रदेश विधानसभा में मथुरा के श्री बांके बिहारीजी मंदिर के संचालन, संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'श्री बांके बिहारीजी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025' ध्वनि मत से पारित हो गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को दुनिया ने देखा है। भारत की शक्ति और सामर्थ्य देखकर पूरी दुनिया अचम्भित है। अपने निजी स्वार्थ की तिलांजलि देकर प्रत्येक परिस्थिति में देश के सम्मान को बनाए रखना प्रत्येक भारतीय नागरिक का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर प्रदान करती है। इसी क्रम में सुल्तानपुर, वाराणसी, बलिया और जौनपुर जिलों में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इकतीस अगस्त को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पचीसवीं कड़ी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने विचार भेजे जा सकते हैं।

**********

राजस्थान के दौसा जिले में आज हुए एक सड़क हादसे में प्रदेश के ग्यारह लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। हादसे के शिकार नौ लोग एटा जिले के रहने वाले थे, जबकि दो लोग उनके रिश्तेदार थे। यह हादसा तब हुआ जब एक पिक अप गाड़ी में श्रद्धालु राजस्थान के खाटू श्याम धाम से दर्शन करके लौट रहे थे और उनकी गाड़ी तड़के तीन बजे एक कंटेनर से टकरा गई। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बताया की प्रभावित परिवारों की प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद की जा रही है।

**********

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल वाराणसी के प्रधान महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने आज वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएनएल ने अपने ग्राहकों के लिए फ्रीडम प्लान–वन शुरु किया है। प्लान के तहत एक रूपये में नया बीएसएनएल का सिम दिया जा रहा है। साथ ही एक ही रुपये में मौजूदा नंबर को बीएसएनएल में पोर्ट कराने की भी सुविधा दी जा रही है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले सोलह घंटों में प्रदेश के आंबेडकर नगर, आजमगढ़, बलिया, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, संत कबीरनगर, सुल्तानपुर और वाराणसी सहित आस पास के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है।

**********